**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की प्रवेश समिति की दिनांक जून 15, 2021 को सम्पन्न 16वीं बैठक का कार्यवृत्त :**

**बैठक मे निम्नलिखित सदस्य ऑनलाइन उपस्थित हुये।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 के0वी0 आर्य, ए0बी0वी0आई0आई0आई0टी0 एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्वालियर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एवं ओ0बी0सी0 नामिनी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 राम औतार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं सह समन्वयक, प्रवेश समन्वय समिति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रामनरेश, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | डा0 ए0के0 संखवार, एसो0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग (एस0सी0 नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डा0 विनय प्रताप सिंह, असि0 प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजी0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 11. | डा0 प्रभात वर्मा, असि0 प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 12. | डा0 पी0के0एस0 यादव, असि0 प्रोफेसर, ऑयल टेक0 विभाग। | विशेष–आमंत्री |
| 13. | डा0 ललित कुमार सिंह, असि0 प्रोफेसर, बायोकेमिकल इंजी0 विभाग एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 14. | डा0 दीपेश सिंह, असि0 प्रोफेसर, सिविल इंजी0 विभाग एवं सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 15. | श्री संजय सिंह, सहायक लेखाकार, प्रतिनिधि, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष–आमंत्री |
| 16. | प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हुये।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एस0के0सिंघल, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | श्री जमील अहमद, असि0 प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, (अल्पसंख्यक नामिनी), एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

15.6.2021

Prof. Sunil Kumar
Dean of Academic Affairs
... Technical University

प्रवेश समिति के अध्यक्ष महोदय एवं सदस्य सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

**मद सं0:16.01 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 08.01.2021 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 08.01.2021 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0:16.02 विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति की दिनांक 08.01.2021 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की दिनांक 08.01.2021 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण को संज्ञान में लिया एवं निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभागाध्यक्षों से पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की संख्या बढ़ाने हेतु किये जाने वाले प्रयासों के सम्बन्ध में अधिष्ठाता/ विभागाध्यक्ष से सुझाव प्राप्त किये जाये।

**मद सं0:16.03 शैक्षिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021—22 में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के प्रस्तुत विवरण से प्रवेश समिति सहर्ष संज्ञानित हुई।

**मद सं0:16.04 शैक्षिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में** प्रवेश **पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के विवरण से प्रवेश समिति सहर्ष संज्ञानित हुई।

**मद सं0:16.05 शैक्षिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के विवरण पर प्रवेश समिति संज्ञानित हुई एवं निर्देशित किया कि शैक्षिक सत्र 2020—21 से जिन विभागों ने नवीन एम0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये है तथा जिनका एन0बी0ए0 के द्वारा एक्रिडिटेशन हो चुका है, उन विभागों के गेट अभ्यर्थियों को स्कालरशिप अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में अभातशिप से यथावश्यक कार्यवाही की जाये।

15.06.2021

Prof. Sunil Kumar
Dean of Academic Affairs
Harcourt Butler Technical University
Kanpur-208002

**मद सं0:16.06 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के विवरण पर प्रवेश समिति ने संज्ञान लिया एवं निर्देशित किया कि उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता आदि के सम्बन्ध में यथाशीघ्र दिशानिर्देश तैयार किया जाय। साथ ही उक्त पाठयक्रम हेतु अभ्यर्थियों की संख्या प्रवेश क्षमता से दोगुनी से अधिक होने पर लिखित परीक्षा के आधार पर अन्यथा छात्रों की मेरिट के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण की जाय।

**मद सं0:16.07 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के विवरण पर प्रवेश समिति ने संज्ञान लिया एवं निर्देशित किया कि उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता आदि के सम्बन्ध में यथाशीघ्र दिशानिर्देश तैयार किया जाय।

**मद सं0:16.08 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में** प्रवेश **पर विचार।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के विवरण पर प्रवेश समिति ने संज्ञान लिया एवं इस पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया कि पी0एच0डी0 अध्यादेश में शिक्षकों को अभ्यर्थियों की अधिकतम संख्या का आंकलन उनके पर्यवेक्षण में एच0बी0टी0यू0 कानपुर में पंजीकृत छात्रों की संख्या को ही माना जाये। तद्नुसार अन्यत्र विश्वविद्यालयों में पंजीकृत छात्रों को अध्यादेश में वर्णित अधिकतम छात्र संख्या में समाहित नहीं माना जायेगा।

**मद सं0:16.09 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु समन्वय समिति का गठन।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी समस्त कार्यवाही सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में प्रवेश समिति सहर्ष संज्ञानित हुई। साथ ही एम0बी0ए0 पाठयक्रम में प्रवेश हेतु मानविकी विभाग के डा0 वी0के0 यादव, सहायक आचार्य को भी सह समन्वय के रूप में प्रवेश समन्वयक समिति में सम्मिलित किये जाने का निर्देश दिया।

15.06.2021
Dean of Academic Affairs

**मद सं0:16.10 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय में क्षैतिज प्रवेश के सम्बन्ध में।**

शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में क्षैतिज प्रवेश के सम्बन्ध में प्रवेश समिति सहर्ष संज्ञानित हुई।

**मद सं0:16.11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0:16.11.1 शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठयक्रम (एम0टेक0, एम0एस0सी0 एवं पी0एच0डी0 इत्यादि) में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में**

समिति ने शैक्षिक सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठयक्रमों (एम0टेक0, एम0एस0सी0 एवं पी0एच0डी0 इत्यादि) में प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

15.06.2021

**(प्रो0 सुनील कुमार)**
सदस्य–सचिव
Prof. Sunil Kumar
Dean of Academic Affairs
Harcourt Butler Technical University
Kanpur-208002